कामदगिरि की करो परिक्रमा ध्यान लगा भगवान का लिरिक्स

कामदगिरि की करो परिक्रमा,
ध्यान लगा भगवान का,
सुफल मनोरथ हो जाएं सब,
दर्शन हो श्री राम का।bd।

रामघाट में पहले जायें,
मंदाकिनि स्नान को,
ब्रह्मा ने जिन शिव को पूजा,
वहीं लगाओ ध्यान को,
राम ने पूछा मतगयेन्द्र से,
बसने के स्थान का,
सुफल मनोरथ हो जाएं सब,
दर्शन हो श्री राम का।bd।

अब कामदगिरि की करों परिक्रमा,
तीनो मुख अरविंद के,
ब्रह्मा विष्णु शिव जी हैं,
हर इक चरणाविन्द में,
भरत राम का मिलन जहां पर,
क्या कहना उस धाम का,
सुफल मनोरथ हो जाएं सब,
दर्शन हो श्री राम का।bd।

फटकशिला और हनुमतधारा,
जैसे पावन धाम यहां,
अनुसुइया आश्रम को देखें,
खुद में है इक अलग जहाँ,
जहां त्रिदेव बने थे बालक,
पता चला ना ज्ञान का,
सुफल मनोरथ हो जाएं सब,
दर्शन हो श्री राम का।bd।

पंचवटी में प्रगट हुई जो,
गोदावरी इसु धाम की,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

यहीं नदी को गुप्त कर दिया,
ये महिमा प्रभु राम की,
ग्यारह वर्ष बिताकर सोचा,
पंचवटी प्रस्थान का,
सुफल मनोरथ हो जाएं सब,
दर्शन हो श्री राम का।bd।

कामदगिरि की करो परिक्रमा,
ध्यान लगा भगवान का,
सुफल मनोरथ हो जाएं सब,
दर्शन हो श्री राम का।bd।

Singer – Shiva & Janhavi
Lyrics – Udaybhan Tripathi
Creations – Chitrakoot Music Production

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com